RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज


नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 166 | नागौर, 17 मई, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## देश से झूठ नहीं बोलूंगा, 2 महीने साथ दें- हमारे पास 1 दिन का पेट्रोल : श्रीलंका पीएम विक्रमसिंघे

कोलंबो.



गंभीर आर्थिक और सियासी संकट से जूझ रहे श्रीलंका में राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने नाइट कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। यह सोमवार रात 8 बजे से मंगलवार सुबह 5 बजे तक, यानी 9 घंटे लागू रहेगा। यह फैसला सोमवार सुबह हुआ। इसके बाद देर शाम प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने देश को संबोधित किया और ताजा हालात की तस्वीर सामने रखी। विक्रमसिंघे ने कहा- हमारे देश के पास सिर्फ एक दिन का पेट्रोल बचा है। हम हालात को दुरुस्त करने की कोशिश कर रहे हैं। एक साल में 45 अरब डॉलर का नुकसान झेलने वाली श्रीलंकन एयरलाइन को अब प्राईवेट सेक्टर के हवाले किया जाएगा। देश से झूठ नहीं बोलना चाहता। हालात बेहद खराब हैं। कुछ वक्त के लिए हमारे सामने बड़े चैलेंज हैं। ये वादा है कि बुरा दौर बहुत जल्द गुजर जाएगा। तीन ऑयल टैंकर कोलंबो पोर्ट पर खड़े हैं। हम डॉलर्स में पेमेंट नहीं कर सकते। इसलिए पेट्रोल और डीजल नहीं मिल पा रहा। लोगों के अपील है कि वो दो महीने मेरा साथ दें। 14 लाख कर्मचारियों को सैलरी देने के लिए फंड्स नहीं हैं। श्रीलंका में हर दिन कुछ न कुछ नया हो रहा है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को हटाकर राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने रानिल विक्रमसिंघे को नया प्रधानमंत्री बनाया गया था। अब नए पीएम विक्रमसिंघे उन आंदोलनकारियों के समर्थन में उतर गए हैं, जो श्रीलंका के आर्थिक संकट के लिए राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे को जिम्मेदार मानकर उनका इस्तीफा मांग रहे हैं।

## कश्मीर में सुरक्षित क्यों नहीं हैं कश्मीरी पंडित ? सीएम केजरीवाल बोले- आतंकियों को बख्शेगा नहीं भारत

नयी दिल्ली।



मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कश्मीरी पंडित की हत्या को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले कश्मीर में एक सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट की हत्या कर दी गई। हमारी सेना ने 24 घंटो के अंदर 2 आतंकवादी को ढूंढकर मार गिराया। दरअसल, जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में तहसील कार्यालय के भीतर घुसकर आतंकवादियों ने कश्मीरी पंडित की हत्या की थी। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले कश्मीर में एक सरकारी कर्मचारी राहुल भट्ट की हत्या कर दी गई। हमारी सेना ने 24 घंटो के अंदर 2 आतंकवादी को ढूंढकर मार गिराया पर आज पूरा देश इस बात से चिंतित है कि कश्मीर में आज भी कश्मीरी पंडित सुरक्षित क्यों नहीं है ?

### महबूबा मुफ्ती का भाजपा पर हमला

## नौकरियां, महंगाई समेत कई मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कर रहे हिंदू-मुस्लिम

श्रीनगर।



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार को केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि उन्होंने वादा किया था कि हम साल में 2 करोड़ नौकरियां देंगे। लेकिन उनके पास इन सवालों का जवाब नहीं है। ऐसे में लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुस्लमान कर रहे हैं। इसके साथ ही महबूबा मुफ्ती ने ज्ञानवापी मस्जिद का भी जिक्र किया। दरअसल, ज्ञानवापी मस्जिद में सर्वे का काम संपन्न हो चुका है। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि उन्होंने जो वादे किए थे कि हम साल में 2 करोड़ नौकरियां देंगे। इन्होंने कहा था कि हम महंगाई को कम करेंगे। हम 15 लाख रुपए गरीबों के खाते में डालेंगे। इन सवालों का इनके पास कोई जवाब नहीं है। इसलिए लोगों का ध्यान हटाने के लिए हिंदू, मुस्लिम कर रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैं बार-बार अपने मुसलमान भाईयों से कहती हूं कि इनको बोलों की एक ही बार मस्जिदों की लिस्ट बताओ, जिस पर आपकी नजर है। मैंने पहले भी कहा था कि हम जहां पर सजदा करेंगे, हमारा अल्ला वहीं हैं। क्या भाजपा वाले हमें इस बात की गारंटी देगी कि जो उसने 2 करोड़ नौकरियां देने की बात कही थी क्या वो देंगे ? कांग्रेस के वक्त में पेट्रोल जो 60 रुपए लीटर था, उसको 60 रुपए पर ले आएंगे।

## फारूक अब्दुल्ला बोले- द कश्मीर फाइल्स ने देश में नफरत को दिया जन्म, ऐसी फिल्मों पर लगना चाहिए बैन

नई दिल्ली



जम्मू कश्मीर में हाल में ही आतंकियों ने कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद कश्मीरी पंडितों में रोष भी देखने को मिला। दूसरी ओर कश्मीरी पंडितों पर हो रहे हमले को लेकर फारूख अब्दुल्ला ने बड़ा बयान दिया है। जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला ने साफ तौर पर कहा है कि अगर कश्मीरी पंडितों पर हो रहे हमले को रोकना है तो सरकार को द कश्मीर फाइल्स जैसी फिल्मों पर बैन लगाना होगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ऐसी फिल्में देश में मुस्लिमों के खिलाफ नफरत का माहौल बना रही है। कश्मीर में मुस्लिम युवाओं के अंदर अगर गुस्सा है तो उसके पीछे की वजह यही है।

# नेपाल के बिना हमारे रामजी अधूरे : मोदी

## पीएम बोले बुद्ध विचार भी और संस्कार भी, हमें दुनिया तक पहुंचाना हैं उनका संदेश

नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नेपाल दौरे पर है। उन्होंने लुंबिनी में माया देवी मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए। इसके बाद उन्होंने एक समारोह में विशेष संबोधन दिया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि जनकपुर में मैंने कहा था कि नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। मुझे पता है कि आज जब भारत में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है, तो नेपाल के लोग भी उतने ही खुश हैं। उन्होंने कहा कि मायादेवी मंदिर में दर्शन का जो अवसर मुझे मिला, वो भी मेरे लिए अविस्मरणीय है। वो जगह, जहां स्वयं भगवान बुद्ध ने जन्म लिया हो, वहाँ की ऊर्जा, वहाँ की चेतना, ये एक अलग ही अहसास है।

मोदी ने कहा कि नेपाल यानि दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत सागरमाथा का देश, नेपाल यानि दुनिया के अनेक पवित्र तीर्थों, मंदिरों और मठों का देश, नेपाल यानि दुनिया की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को सहेज कर रखने वाला देश। उन्होंने कहा कि बुद्ध मानवता के सामूहिक बोध का अवतरण हैं। बुद्ध बोध भी हैं, और बुद्ध शोध भी हैं। बुद्ध विचार भी हैं, और बुद्ध संस्कार भी हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि वैशाख पूर्णिमा का दिन लुम्बिनी में सिद्धार्थ के रूप में बुद्ध का जन्म हुआ।

इसी दिन बोधगया में वो बोध प्राप्त करके भगवान बुद्ध बने। और इसी दिन कुशीनगर में उनका महापरिनिर्वाण हुआ। एक ही तिथि, एक ही वैशाख पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की जीवन यात्रा के ये पड़ाव केवल संयोग मात्र नहीं था।

मोदी ने कहा कि जिस स्थान पर मेरा जन्म हुआ, गुजरात का वडनगर, वो सदियों पहले बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। आज भी वहां प्राचीन अवशेष निकल रहे हैं जिनके संरक्षण का काम जारी है। उन्होंने कहा कि भारत में सारनाथ, बोधगया और कुशीनगर से लेकर नेपाल में लुम्बिनी तक ये पवित्र स्थान हमारी सांझी विरासत और सांझी मूल्यों का प्रतीक है। हमें इस विरासत को साथ मिलकर विकसित करना है और आगे समृद्ध भी करना है। मोदी ने दावा किया कि जिस स्थान पर मेरा जन्म हुआ, गुजरात का वडनगर, वो सदियों पहले बौद्ध शिक्षा का बहुत बड़ा केंद्र था। आज भी वहां प्राचीन अवशेष निकल रहे हैं जिनके संरक्षण का काम जारी है।

## रामगढ़ विषधारी बना राज्य का चौथा टाइगर रिजर्व

### कोटा, बूंदी और सवाई माधोपुर जिले के वन क्षेत्र को शामिल कर 1501.89 वर्ग किलोमीटर में बनाया

जयपुर.

बूंदी, कोटा और सवाई माधोपुर एरिया के अभ्यारण क्षेत्र को राज्य सरकार ने नया टाइगर रिजर्व घोषित किया है। रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के नाम से बना ये वन क्षेत्र 1501.89 वर्ग किलोमीटर (1.50 लाख हैक्टेयर जमीन) पर है। इस तरह ये राज्य का चौथा और देश का 52वां टाइगर रिजर्व बन गया है। इसे लेकर आज राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी की है। केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इसकी घोषणा की है। बूंदी जिले में बने इस अभयारण्य पूर्वी क्षेत्र में रणथंभौर टाइगर रिजर्व और दक्षिणी हिस्से में मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व बना है। इस तरह ये नया टाइगर रिजर्व इन दोनों पार्कों को कनेक्टिविटी भी देगा। यहां कई ऐतिहासिक जगह जैसे भीमलत आदि है, जिन्हें ट्यूरिस्ट को करीब से देखने का मौका मिलेगा, वहीं स्थानीय लोगों को इस रिजर्व पार्क के बनने से रोजगार भी मिलेगा।

## आदिवासियों का इतिहास दबा रही बीजेपी; बांटने-कुचलने का काम हो रहा : राहुल



बेणेश्वर/जयपुर.

राहुल गांधी ने पीएम मोदी और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी आदिवासियों को दबाने कुचलने का काम करती है। दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो कहती है सबकी रक्षा करनी है, सबको जोड़कर चलना है। दूसरी तरफ बीजेपी है, बांटने का काम करती है, दबाने कुचलने का काम करती है। बीजेपी दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है।? एक हिंदुस्तान अमीरों- उद्योगपतियों का और दूसरा गरीब आदिवासियों का। हम एक ही हिंदुस्तान के पक्ष में है।

उदयपुर में तीन दिन के चिंतन शिविर में पार्टी में बदलावों का फैसला करने के बाद राहुल गांधी सोमवार को बेणेश्वर धाम में सभा संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा- आदिवासियों और कांग्रेस पार्टी का गहरा रिश्ता है। आपके इतिहास की हम रक्षा करते हैं।

### राजस्थान हेल्थ में सब प्रदेशों से आगे

राहुल गांधी ने गहलोत सरकार की तारीफ करते हुए कहा- राजस्थान की सरकार आदिवासियों के लिए काम कर रही है। राजस्थान हेल्थ में सब प्रदेशों से आगे है। यहां स्वास्थ्य के लिए 10 लाख का बीमा है। कोई भी राज्य सरकार हेल्थ के क्षेत्र में इतना काम नहीं कर रही है। इंग्लिश मीडियम स्कूल के बारे में गहलोत बता रहे थे। इसका आदिवासियों को बड़ा फायदा होगा है। वे कहीं भी रोजगार पा सकते हैं। मैं राजस्थान सरकार, अशोक गहलोत और मंत्रियों को बधाई देना चाहता हूं। आप गरीब लोगों के लिए काम कर रहे हो। आप शिक्षा, हेल्थ के लिए काम कर रहे हो। राहुल गांधी ने कहा- गहलोत सबके लिए काम कर रहे हैं। वे उद्योगपतियों के लिए काम नहीं कर रहे। बाकी बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री चंद उद्योगपतियों के लिए काम करते हैं। यहां सबके लिए काम कर रहे हैं। बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इस तरह काम नहीं कर रहे।

## त्रिपुरा में 11 मंत्रियों ने ली कैबिनेट मंत्री पद की शपथ

अगरतला। त्रिपुरा में माणिक साहा की अगुवाई वाली नयी सरकार में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नौ तथा आईपीएफटी के दो विधायकों ने सोमवार को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। राज्यपाल एस एन आर्य ने यहां राजभवन में भाजपा-आईपीएफटी की गठबंधन सरकार के नव नियुक्त मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।



### राजस्थान में आंधी का अलर्ट

## 2 डिग्री तक गिरेगा पारा, गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू में बादल


### तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का

जयपुर.

करीब एक सप्ताह से लू और भीषण गर्मी में तप रहे राजस्थान में लोगों को आज मामूली राहत मिली। राज्य में एक्टिव हुए नए वेदर सिस्टम के चलते तापमान में कमी आई। चूरू, बाड़मेर, गंगानगर, हनुमानगढ़ समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 1 से 5 डिग्री सेल्सियस तक नीचे आ गया। करीब 9 दिन बाद राज्य के किसी शहर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ है। मौसम विभाग ने बताया कि झुलसाने वाली गर्मी से राहत का ये दौर 3-4 दिन रह सकता है। राज्य के अन्य हिस्सों में भी धूलभरी आंधी चलने की आशंका है। इससे पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। सोमवार को गंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू बेल्ट में दोपहर बाद आसमान में हल्के बादल छा गए। धूलभरी हवाएं चली। इसके चलते हनुमानगढ़ के तापमान में कल के मुकाबले आज 5.6, नागौर में 4.1, पिलानी में 3.8, चूरू में 3.9, जयपुर में 3.1 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखी गई। प्रदेश में आज सबसे अधिक तापमान धौलपुर में 46.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा अलवर और चूरू को छोड़कर शेष शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के नीचे रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक वातावरण में नमी कम होने के कारण बारिश होने की उम्मीद कम है, लेकिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से तापमान में गिरावट आएगी। लोगों को लू और तेज गर्मी से राहत मिलेगी।

### 9 दिन बाद तापमान 40 डिग्री से नीचे आया

राजस्थान में पिछले 9 दिन से सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहा है, लेकिन आज उदयपुर में तापमान में 1.8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने से पारा 39.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इसके अलावा अजमेर, सिरोही, नागौर में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पास दर्ज हुआ।




### 21 से फिर हीट वेव का कहर

जयपुर मौसम केंद्र से जारी फोरकास्ट के मुताबिक अलवर, भरतपुर, धौलपुर, झुंझुनूं, हनुमानगढ़, गंगानगर और चूरू एरिया में 40एमएम स्पीड तक की तेज धूलभरी आंधी चल सकती है। यहां तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है। वहीं, 18 से 20 मई तक प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। किसी तरह की लू चलने या तापमान बढ़ने की संभावना नहीं है। 21 मई से पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर क्षेत्र में एक बार फिर हीट वेव चलने लगेगी और तापमान बढ़ेगा।

**प्रदेश के प्रमुख शहरों का आज का तापमान**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम | शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 40 .5 | 29 | गंगानगर | 42 .3 | 32 .9 |
| भीलवाड़ा | 41 .6 | 24 .2 | धौलपुर | 46 .1 | 33 .8 |
| जयपुर | 41 .3 | 32 .3 | नागौर | 40 .9 | 29 |
| पिलानी | 43 .9 | 31 .1 | बूंदी | 42 .4 | 31 .8 |
| सीकर | 41 .5 | 28 | बारां | 43 .3 | 28 .8 |
| कोटा | 43 .4 | 32 .2 | चित्तौड़गढ़ | 41 .1 | 24 .1 |
| उदयपुर | 39 .6 | 25 .8 | डूंगरपुर | 41 .3 | 26 .6 |
| बाड़मेर | 43 | 27 .3 | हनुमानगढ़ | 42 .3 | 30 .8 |
| जैसलमेर | 43 .5 | 26 .2 | जालौर | 42 .1 | 28 |
| जोधपुर | 41 | 28 .6 | सिरोही | 40 .4 | 23 .4 |
| बीकानेर | 42 .6 | 28 .5 | अलवर | 44 .5 | 32 .6 |
| चूरू | 44 | 31 .4 | करौली | 43 .9 | 32 .5 |

# ज्ञानवापी मस्जिद के अंदर मिला शिवलिंग

### कोर्ट का आदेश- प्रशासन शिवलिंग वाली जगह को तुरंत सील करके उसे सुरक्षा में ले

वाराणसी.

ज्ञानवापी से जुड़ी बड़ी खबर है। परिसर के अंदर सर्वे टीम को शिवलिंग मिला है। यह बात सामने आने के बाद वाराणसी कोर्ट ने डीएम को आदेश दिया कि जिस जगह शिवलिंग मिला है, उसे तत्काल सील कर दें। वहां पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया जाए। कोर्ट ने डीएम, पुलिस कमिश्नर और सीआरपीएफ कमांडेंट को यह आदेश दिया है। कोर्ट ने इन अधिकारियों को जगहों को संरक्षित और सुरक्षित रखने की व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदारी दी है। दरअसल, ज्ञानवापी में सर्वे के लिए तीसरे दिन टीम गई थी। बताया जा रहा है कि वहां टीम को शिवलिंग नजर आया। सर्वे टीम में शामिल हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने तुरंत वाराणसी कोर्ट में एप्लीकेशन दी। इसमें कोर्ट को बताया गया कि वहां पर शिवलिंग मिला है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। सीआरपीएफ कमांडेंट को



उस जगह को सील करने का आदेश देने की मांग की गई। सीनियर डिवीजन के जज रवि कुमार दिवाकर ने तुरंत डीएम को उस जगह को सील करने का आदेश दिया है। इससे पहले वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का सर्वे तीसरे दिन सोमवार को पूरा हो गया। सर्वे के बाद हिंदू पक्ष के पैरोकार डॉ. सोहनलाल बाहर आए तो उन्होंने बड़ा दावा किया। कहा, अंदर बाबा मिल गए... जिन खोजा तिन पाइयां। तो समझिए, जो कुछ खोजा जा रहा था, उससे कहीं अधिक मिला है।

### ज्ञानवापी सर्वे पर ओवैसी बोले- वह मस्जिद थी और कयामत तक रहेगी, मस्जिदों की रक्षा हमारी जिम्मेदारी

वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कोर्ट के आदेश के बाद सर्वे और वीडियोग्राफी का काम पूरा हो गया है। तीसरे दिन का काम पूरा होने के बाद हिंदू पक्ष के वकील ने दावा किया कि कुए के अंदर शिवलिंग मिला है। जबकि मुस्लिम पक्ष की ओर से इसे खारिज कर दिया गया। अब इसी को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई है। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि सत्य को आप कितना भी छुपा लीजिए, लेकिन एक दिन सामने आ ही जाता है। इसके जवाब में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने पलटवार किया है। आपने पलटवार में ओवैसी ने साफ तौर पर कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद थी और कयामत तक रहेगी। ओवैसी ने अपने एक बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है जिसमें वह साफ तौर पर कहती सुनाई दे रहे हैं कि हम बाबरी के बाद किसी और मस्जिद को नहीं खोएंगे। ओवैसी के इतना कहते ही वहां मौजूद लोग भी उनकी बातों में हां में हां मिला रहे हैं। ओवैसी ने साफ तौर पर कहा है कि मस्जिद है और कयामत तक रहेगी।

## भीषण सड़क हादसे में महिला जज की मौत बोलेरो-कार की आमने-सामने की भिड़ंत

बीकानेर.



बीकानेर-खाजूवाला सड़क मार्ग अनूपगढ़ एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज (एडीजे) सरोज चौधरी की सड़क हादसे में मौत हो गई। सोमवार सुबह उनकी कार को बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में पीछे की सीट पर बैठी महिला जज की मौत हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए है। हादसा बीकानेर के पूगल थाना क्षेत्र के नूरसर-जामसर के बीच हुआ है।

सिंचाई विभाग की बोलेरो गाड़ी और एडीजे चौधरी(50) की कार आमने-सामने टकराई थी। कार में पीछे की सीट पर बैठी एडीजे चौधरी लहूलुहान हो गई। आसपास से गुजर रहे लोगों ने उनको संभाला। पीबीएम अस्पताल लेकर गए, जहां एडीजे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दोनों वाहनों के ड्राइवर समेत तीन अन्य घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है।

## सम्पादकीय

# लापरवाही की आग

दिल्ली के मुंडका इलाके में हुए भयानक अग्निकांड ने एक बार फिर आग से बचाव के इंतजामों की पोल खोल दी है। इससे यह भी साफ हो गया है कि पिछले कुछ वर्षों में हुए ऐसे तमाम हादसों के बाद भी हमारी आंखें खुली नहीं हैं। अग्नि सुरक्षा को लेकर आज भी हद दर्जे की लापरवाही जारी है, लोगों के स्तर पर भी और सरकार के स्तर पर भी। इसी का नतीजा समय-समय पर ऐसे बड़ी घटनाओं के रूप में सामने आता रहा है। मुंडका में हुए अग्निकांड के कारण जो भी रहे हों, इतना तो साफ है कि अगर इमारत में बचाव के इंतजाम होते तो लोगों की जान न जाती। जैसा कि जांच में पता चला है इमारत में प्रवेश करने और बाहर निकलने के लिए सिर्फ एक ही रास्ता बनाया गया था, वह भी बेहद छोटा और संकरा। इसलिए आग लगने पर लोग बाहर नहीं निकल पाए। कई लोग तो कूद कर जान बचाने की कोशिश में जख्मी हो गए। जो नहीं निकल पाए वे आग की लपटों और धुएं में घुट कर मर गए। गौरतलब है कि यह हादसा जिस चार मंजिला इमारत में हुआ, उसमें सीसीटीवी और राउटर बनाने की कंपनी चल रही थी। यहीं इन उत्पादों के निर्माण और इनकी पैकिंग का काम भी होता था। इमारत की एक मंजिल पर ही इसका गोदाम भी था। बताया गया है कि घटना के वक्त सौ से ज्यादा लोग कंपनी की एक बैठक में शामिल होने आए थे। इस अग्निकांड ने एक बार फिर उन्हीं सवालों को सामने ला दिया है जो ऐसे हर बड़े हादसे के बाद उठते रहे हैं। लेकिन विडंबना यह है कि पिछले हादसों से किसी ने कोई सबक नहीं सीखा। वरना बार-बार ऐसे हादसे क्यों होते हैं? याद किया जाना चाहिए कि ढाई साल पहले दिसंबर 2019 में दिल्ली की एक अनाज मंडी में आग से तेंतालीस लोगों की मौत हो गई थी। सवा तीन साल पहले करोल बाग के एक होटल में आग ने सत्रह लोगों को लील लिया था।

शायद ही कोई साल गुजरता हो जब ऐसे दहला देने वाले बड़े अग्निकांड न हो जाते हों। जांच हर घटना की होती है। रिर्पोटें भी आती हैं, पर उसके बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट आता है। इससे तो यही लगता है कि ऐसे हादसों के कारणों को लेकर जो सवाल खड़े होते हैं, उनका जवाब और समाधान खोजने के बजाय सरकार उन्हें फाइलों में दफन कर देना बेहतर समझती है। वरना कैसे एक चार मंजिला इमारत जो लालडोरा के दायरे में आती है, उसे व्यावसायिक काम के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा, वहां सामान बनता रहा, गोदाम भी था, लेकिन आग से बचाव के कोई साधन नहीं थे? इस इमारत के मालिक और कंपनी के संचालक के पास अग्निशमन विभाग की एनओसी भी नहीं थी।

आग की घटनाओं को लेकर दिल्ली की हालत बेहद चिंताजनक है। महानगर में बेहद घनी आबादी वाले इलाके हैं। बिजली के तारों के लटकते गुच्छे तो आम बात हैं। रिहायशी इलाकों में ही बड़ी संख्या में ऐसी इमारते हैं जहां किसी न किसी प्रकार के उद्योग और दफ्तर चल रहे हैं। गर्मी के मौसम में एअरकंडीशनर भी अपेक्षाकृत ज्यादा चलते हैं। जनरेटरों का भी उपयोग होता है। ऐसे में जरूरी है कि बिजली से होने वाले हादसों को रोकने के पर्याप्त बंदोबस्त हों। ऐसे हादसों से बचना है तो लोगों के साथ सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि हर इमारत का सुरक्षा आडिट हो। अगर अग्निशमन विभाग के अनापत्ति प्रमाणपत्र के बिना कहीं कोई गतिविधि चलती है और इसकी वजह से जानमाल का नुकसान होता है तो इसका पहला दोषी तो वही है जिस पर इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी है।

# विनिर्माण केंद्र बनने की चुनौती

**विनिर्माण क्षेत्र को लेकर आई रिपोर्टों में कहा गया है कि अगर भारत को इस क्षेत्र में दुनिया का बड़ा केंद्र बनना है तो इसके लिए मौजूद चुनौतियों का रणनीतिक समाधान निकालने पर जोर देना होगा। इसके लिए पांच रणनीतियों की जरूरत बताई गई है। पहली, देश में मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान और उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना को तेजी से बढ़ावा देना। दूसरी, चीन से छिटके उद्योगों, कंपनियों और पूंजी को भारत में लाना। तीसरी, भारत की अर्थव्यवस्था को निर्यात आधारित बनाने की कोशिशों पर जोर। चौथी, भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और क्वाड सुरक्षा संवाद को सफल बना कर उद्योग-कारोबार को तेजी से बढ़ाना और पांचवा यह कि कौशल विकास एवं स्किल इंडिया को कामयाब बना कर श्रम की गुणवत्ता और नई कार्य संस्कृति को उत्पादन का अभिन्न अंग बनाना। उल्लेखनीय है कि इस समय दुनियाभर में भारत में बने उत्पादों की मांग बढ़ रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में विनिर्माण के तहत चौबीस क्षेत्रों को प्राथमिकता के साथ तेजी से बढ़ाया जा रहा है।**

**देश** को विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में जो प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं, उनका सफलता पूर्वक और जल्द ही क्रियान्वयन जरूरी है। यह भी जरूरी है कि देश में डिजिटल कौशल विकास और स्किल इंडिया से संबंधित विभिन्न योजनाओं पर तेजी से काम हो। देश में दवा, मोबाइल, चिकित्सा उपकरण, वाहन और बिजली उपकरण उद्योग जैसे कई अन्य उद्योग चीन से आयातित कच्चे माल पर निर्भर हैं। ऐसे में चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले डेढ़ साल में सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना के तहत तेरह उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल हो रहे हैं। पीएलआइ योजना से अगले पांच वर्षों में देश में पांच सौ बीस अरब डालर यानी लगभग चालीस लाख करोड़ रुपए मूल्य की वस्तुओं का उत्पादन होगा। चूंकि देश के कुल आयात में रक्षा सामान और उपकरणों के आयात पर भारी खर्च होता है। इसलिए देश में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और निर्यात को बढ़ाने के लिए तेजी से काम चल रहा है। इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि रक्षा मंत्रालय ने 21 अगस्त, 2020 से लेकर सात अप्रैल 2022 तक स्थानीय स्तर पर बनाए जाने वाले तीन सौ दस प्रमुख रक्षा उपकरणों की सूची जारी की है। इसके अलावा, कोरोना की चुनौतियों के बाद भारत का दवा उद्योग उत्पादन बढ़ा कर दुनिया के दो सौ से ज्यादा देशों को दवाइयां निर्यात कर रहा है। ऐसे में भारत को दुनिया के नए और बड़े दवा उत्पादन केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि कोविड-19 को लेकर चीन के प्रति बढ़ी वैश्विक नाराजगी के कारण तमाम विदेशी कंपनियों ने चीन से अपना कारोबार समेटा लिया था। इधर, पिछले कुछ महीनों से चीन में फिर से कोरोना के मामले बढ़ने से कई औद्योगिक शहरों में उत्पादन ठप पड़ गया है। चीन की यह आपदा भारत के लिए बड़े अवसर के रूप में सामने आई है। चीन से बाहर निकलते विनिर्माण, निवेश और निर्यात के मौके भारत की ओर आने लगे हैं। निसंदेह मार्च 2020 में शुरू किए आत्मनिर्भर भारत अभियान के बाद देश के उद्योगों को तेजी से बढ़ाने का मौका मिला है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि भारत विनिर्माण में चीन को पछाड़ सकता है। भारत में दुनिया में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले कम लागत के उत्पाद बनाए जा सकेंगे और विनिर्माण उद्योग जितनी अधिक बिक्री करेंगे, उससे अर्थव्यवस्था में उतने ही अधिक रोजगार सृजित होंगे।

भारत की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था देश को विनिर्माण केंद्र बनाने में प्रभावी भूमिका निभा रही है। कोविड-19 और यूक्रेन संकट की चुनौतियों के बीच पिछले वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का उत्पाद निर्यात 419.65 अरब डालर और सेवा निर्यात 249.24 अरब डालर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि अब भारत निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ता जा रहा है। जैसे-जैसे भारत के निर्यात बढ़ रहे हैं, विनिर्माण क्षेत्र को भी तरक्की के मौके मिल रहे हैं। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अमेरिका, भारत, जापान और



आस्ट्रेलिया का चौगुटा यानी क्वाड भी भारत के उद्योग-कारोबार के विकास में मील का पत्थर साबित हो सकता है। इससे भी भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने का बड़ा आधार मिलेगा। इसके साथ-साथ उद्योग कारोबार के विस्तार के लिए भारत जिस त्रिआयामी रणनीति पर चल रहा है, उससे भी विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनने की संभावनाएं प्रबल होंगी। ये तीन महत्त्वपूर्ण आयाम हैं- चीन के प्रभुत्व वाले व्यापार समझौतों से अलग रहते हुए नार्डिक देशों जैसे संगठनों के व्यापार समझौते का सहभागी बनना, पाकिस्तान को किनारे करते हुए क्षेत्रीय देशों के संगठन बिम्सटेक (बे आफ बंगाल इनीशिएटिव फार मल्टी सेक्टोरल टेक्नोलाजिकल एंड इकोनामिक कोआपरेशन) को प्रभावी बनाना और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की दिशा में बढ़ना।

भारत ने संयुक्त अरब अमीरात और आस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्तरूप दे दिया है। अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजराइल के साथ एफटीए के लिए प्रगतिपूर्ण वार्ताएं अच्छे भविष्य के संकेत दे रही हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि वर्ष 2022-23 के केंद्रीय बजट के तहत अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) की नई अवधारणा और नए निर्यात प्रोत्साहनों से देश को विनिर्माण का प्रमुख केंद्र बनाने के प्रयासों को गतिशीलता मिली है। सेज का मूल लक्ष्य निर्यात को बढ़ावा देना रहा है, लेकिन सेज इसमें लक्ष्य के अनुरूप योगदान नहीं दे पाए। ऐसे में इसी वर्ष 2022 से सेज की नई अवधारणा के तहत सरकार ने उत्पादकों और निर्यातकों को विशेष सुविधाएं देने की बात कही है। सेज में खाली जमीन का इस्तेमाल घरेलू व निर्यात विनिर्माण के लिए हो सकेगा। सेज में पूर्णकालिक पोर्टल के माध्यम से सीमा और उत्पाद शुल्क मंजूरी की सुविधा होगी। उत्पादन शुरू करने के लिए जरूरी हर तरह की मंजूरी भी वहीं मिलेंगी। इस प्रक्रिया में राज्यों को भी शामिल किया जाएगा। ढांचागत खासकर आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी सुविधाएं बढ़ने से उत्पादन लागत कम होगी और भारतीय वस्तुएं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से मुकाबला कर सकेंगी। रेल, सड़क, बंदरगाह जैसी सुविधाओं के नेटवर्क से भारतीय लागत वैश्विक स्तर की हो जाएगी।

## व्यापार समाचार

### गेहूं एक्सपोर्ट बैन के बचाव में आया चीन

# जी-7 देशों से कहा- भारत को दोष देने से ग्लोबल फूड शॉर्टेज का समाधान नहीं होगा

नई दिल्ली।



गेहूं एक्सपोर्ट पर बैन लगाने के भारत के फैसले की जी-7 देशों के ग्रुप ने आलोचना की थी। अब भारत के बचाव में चीन का बयान सामने आया है। चीन ने कहा कि विकासशील देशों को दोष देने से ग्लोबल फूड शॉर्टेज का समाधान नहीं होगा। चीन की सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने लिखा, अब जी 7 के एग्रीकल्चर मिनिस्टर्स भारत से गेहूं एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध नहीं लगाने का आग्रह कर रहे हैं, तो जी7 राष्ट्र अपने एक्सपोर्ट में इजाफा करके फूड मार्केट की सप्लाई को स्थिर करने के लिए खुद कदम क्यों नहीं उठाते?

**भारत गेहूं का दूसरा बड़ा उत्पादक :** भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक है, लेकिन ग्लोबल व्हीट एक्सपोर्ट में उसकी हिस्सेदारी काफी कम है। इसके उलट अमेरिका, कनाडा, यूरोपीय संघ और ऑस्ट्रेलिया सहित कुछ विकसित अर्थव्यवस्थाएं गेहूं के प्रमुख निर्यातकों में से हैं। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, यदि कुछ पश्चिमी देश पोटेंशियल ग्लोबल फूड क्राइसिस के मद्देनजर गेहूं के एक्सपोर्ट को कम करने का फैसला लेते हैं, तो वे भारत की आलोचना करने की स्थिति में नहीं होंगे। एक ऐसा देश जो अपनी फूड सप्लाई को सिक्योर करने के दबाव का सामना कर रहा है।

**जी-7 शिखर सम्मेलन में उठेगा मुद्दा :** भारत के गेहूं एक्सपोर्ट पर बैन लगाने के फैसला पर जर्मनी के कृषि मंत्री केम ओजडेमिर ने कहा था है कि भारत के इस कदम से दुनियाभर में कमोडिटी की कीमतों का संकट बढ़ जाएगा। उन्होंने अगले महीने जर्मनी में जी-7 शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे को उठाने की बात भी कही थी।

**गेहूं के दाम 60% तक बढ़े :** रूस और यूक्रेन दोनों देश गेहूं के बड़े एक्सपोर्टर है और फरवरी में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद सप्लाई की चिंताओं से वैश्विक गेहूं की कीमतें बढ़ गई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं के दाम 60% तक बढ़े हैं। भारत गेहूं उत्पादन के मामले में दूनिया में दूसरे नंबर पर है। यहां सालाना लगभग 107.59 मिलियन टन गेहूं का उत्पादन होता है। इसका एक बड़ा हिस्सा घरेलू खपत में जाता है। भारत में प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार और गुजरात हैं।

**भारत ने गेहूं एक्सपोर्ट पर बैन क्यों लगाया :** गेहूं एक्सपोर्ट पर बैन लगाने के दो प्रमुख कारण हैं। पहला- गेहूं की सरकारी खरीद कम हुई है। दूसरा- मौसम की मार से गेहूं की फसल पर असर पड़ा है, जिस वजह से पैदावार कम हुई है। ऐसी स्थिति में देश के सामने यह आशंका खड़ी हो गई थी कि कहीं आने वाले समय में गेहूं के भंडार खाली न हो जाएं। सरकार ने यह भी साफ किया है कि जिन कंपनियों-फर्मों को 13 मई तक लेटर ऑफ क्रेडिट मिल चुके हैं, वे निर्यात कर सकेंगे।

हालांकि, ये नहीं बताया है कि कितनी कंपनियों को 13 मई तक लेटर ऑफ क्रेडिट मिल चुके थे। सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि कई कारणों से दुनिया में गेहूं की कीमतों में उछाल आया है। इससे भारत सहित पड़ोसी देशों की खाद्य सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए निर्यात पर रोक का फैसला लिया गया है।

पिछले महीने 15 तारीख को केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि 2022-23 में गेहूं का निर्यात 100 लाख टन पार कर जाएगा। अब सरकार का रुख बदलने से कुछ किसान संगठनों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि इस फैसले से गेहूं के दाम घटेंगे, जिससे किसानों को नुकसान होगा। हालांकि, कुछ संगठनों का कहना है कि इससे आम लोगों को गेहूं उचित कीमत पर मिलेगा।

# शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 180 अंक चढ़ा

मुंबई।



बैंकिंग, वित्तीय, ऊर्जा और वाहन क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में उछाल के साथ घरेलू शेयर बाजारों में पिछले छह कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया और सोमवार को सेंसेक्स 180 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 180.22 अंक यानी 0.34 प्रतिशत बढ़कर 52,973.84 पर पंहुचा गया। दिन के कारोबार के दौरान यह एक समय 634.66 अंक के उछाल के साथ 53,428.28 अंक तक भी गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 60.15 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की बढ़त लेकर 15,842.30 अंक पर बंद हुआ। पिछले सात सत्रों में पहली बार निफ्टी में मजबूती आई है। मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली के कारण पिछले छह सत्रों में सेंसेक्स और निफ्टी में पांच फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन और एचडीएफसी बैंक के शेयर बढ़त के साथ बंद हुअए। वहीं दूसरी तरफ अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी और टीसीएस के शेयरों में गिरावट आई। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट में मामूली गिरावट दर्ज की गई। यूरोपीय शेयर बाजार दोपहर के सत्र में मिले-जुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी शेयर बाजारों में शुक्रवार को मजबूती रही। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.51 प्रतिशत की गिरावट लेकर 111 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।







## आज का राशिफल

### मेष
बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा। उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी।

### वृषभ
बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

### मिथुन
नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

### कर्क
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### सिंह
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### कन्या
घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी।

### तुला
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा।

### वृश्चिक
यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### धनु
किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मकर
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय होगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा।

### कुंभ
नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें।

### मीन
स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी।

## नावां जयपाल पुनिया मर्डर प्रकरण

# उपसचेतक महेन्द्र चौधरी की सांकेतिक शवयात्रा निकाली, बेनीवाल बोले धरने से तभी उठेंगे जब एफआईआर में दर्ज नामों की गिरफ्तारी होगी

- धरना स्थल पर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने कहा जब राख से चिंगारी निकलती है तब सत्ता का सिंहासन भी जल कर राख हो जाता है

## पूर्व विधायक हरीश कुमावत बैठे भूख हड़ताल पर

### प्रशासन तथा आरएलपी कार्यकर्ता हुए आमने-सामने, छावनी बना नावां

हितेश रारा

**नावांसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** नमक उद्यमी जयपाल पुनिया की हत्या का मामला अब दिनों दिन उग्र होता जा रहा है। सोमवार को धरने के तीसरे दिन भाजपा एवं आरएलपी के दिगगज नेता प्रशासन को घेरते रहे। धरना स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया गया। बुधवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनिया दमखम के साथ पहुंचे। उन्होंने धरनार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप लोग शहीद जयपाल पुनिया को न्याय दिलाने के लिए इस भीषण गर्मी में बैठे हो। ये न्याय केवल जयपाल पुनिया के लिए नहीं है बल्कि पूरे राजस्थान में इस तरह की 7 हत्याएं रोज होती है। 18 मां-बहनों के बलात्कार रोज होते है। 7 लाख मुकदमें राजस्थान की धरती पर दर्ज हो गए।

जब तक इस धरती पर गर्मी पैदा नहीं करोगें तब जयपाल जैसे कई शहीदों को न्याय नहीं मिलेगा। जब राख से चिंगारी निकलती है तब सत्ता का सिंहासन भी जल कर राख हो जाता है। आज हमारे बुजुर्ग एवं वयोवृद्ध नेता हरीश कुमावत भूख हड़ताल पर बैठे है। मैं भविष्य का वक्ता तो नहीं हूं लेकिन में भरोसा जरूर दिला सकता हूं की वयोवृद्ध नेता का पसीना इस सरकार के ताबूत की कील में अन्तिम कील साबित होगा। ये शुरूआत है लेकिन इस आगाज का अजांम भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता देगा। ये पहली बार नहीं हुआ है आपके मन में सहानुभूति भी पैदा होगी और आक्रोश भी पैदा होगा। राजस्थान 9 हजार किसानों की भूमि जप्त हो गई। महिलाओं को रोटी नहीं मिली बल्कि उनकी असमत लूट ली गई। आपने थाने में एक लाइन देखी होगी आम जन में विश्वास और अपराधियों में भय लेकिन नावां में दिन दहाड़े जयपाल पुनिया की हत्या क्या साबित करती है कि अपराधियों को भरोसा है और आम जन में भय है। अगर 24 घंटे के भीतर-भीतर अपराधी नहीं पकड़े गए तो नावां से आगाज हुआ है और राजस्थान की जनता इसकों अजामं में बदलेगी और इस अन्याय का बदला लेकर खड़ी होगी।







### पुतले की शव यात्रा निकाली

सोमवार का दिन धरना स्थल पर काफी उग्र रहा। आज आम जन की अपार भीड़ रही। आरएलपी के सुप्रिमों एवं नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने भी धरना स्थल से शव यात्रा निकालने का आहवान किया। इस पर नावां विधायक महेन्द्र चौधरी के पुतले की शव यात्रा निकाली गई। जो धरना स्थल से लेकर पुराना बस स्टेण्ड, हास्पिटल रोड़, सुभाष चौक, पीपली बाजार, बोहरो का बास होते हुए गौरज चौक, गर्ल्स स्कूल चौराहा से होते हुए पुन: धरना स्थल पहुचें।

### शव को तहसील के सामने जलाया

पुतले को नावां तहसील परिसर के बाहर जलाया गया। जोरदार नारे लगाए गए। इस दौरान बेनिवाल ने बताया कि किसान पुत्र का बलिदान खाली नही जाएगा। हमारा आंदोलन अब पुर्ण रूप से गति कर रहा है जब तक न्याय नही मिलेगा तब तक ये आंदोलन एवं धरना बंद नही होगा। इस पर प्रशासन एवं आरएलपी के बीच जोरदार बहस भी हुई, लेकिन कुछ समय बाद ही बेनिवाल धरना स्थल पहुंच गए।



### आज तो नावां विधायक की शव यात्रा निकाली है कल से पूरे राजस्थान में आदोलन होगा

सांसद हनुमान बेनिवाल ने प्रेस से वार्ता में कहा कि पूरे राजस्थान में युवाओं में जोश है। आज हमने नावां के विधायक महेन्द्र चौधरी की शव यात्रा निकाली है, कल से पूरा आदोलन तेज होगा। अब हम तभी उठेगें जब सीबीआई की जांच के साथ साथ एफआईआर में नाम दर्ज लोगों की गिरफ्तारी होगी। मैं मुख्यमत्री से आह्वान करता हूं कि इस मामले में कब जबाब दोगे। मुझे हमेशा मुख्यमंत्री कहते है कि दिल्ली जाओ मैं उनसे कहता हूं कि जिस तरह से आप अपने राजस्थान के विधायकों को बचा रहे हो उसी तरह से इस महेन्द्र चोधरी को भी बचाओगे क्या ? अगर समय रहते इस मामले में कोई कार्यवाही नही हुई तो आदोलन तेज होगा और इतना तेज होगा कि तूफान भी छोटा लगने लग जाएगा।

# परबतसर चिकित्सालय में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहरा ने किया पदभार ग्रहण

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर शहर सहित ग्रामीण आम जनता की कई सालों मांग पूरी हो रही है। यहां राजकीय चिकित्सालय में स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मेहरा ने पदभार ग्रहण किया है। गौरतलब है कि परबतसर में स्त्री एवं प्रसूति के डॉक्टर की कमी के चलते आम जनता को अजमेर, किशनगढ़ या प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना पड़ता था। परबतसर विधायक रामनिवास गावड़िया के अथक प्रयासों से डॉक्टर दिनेश मेहरा, एम.एस. गायनिक (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) को उप जिला चिकित्सालय में लगाया। अब नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन डिलीवरी, बच्चेदानी, नि:संतान्त का इलाज उप जिला चिकित्सालय परबतसर में होगा। परबतसर शहर सहित आम ग्राम ग्रामीणों में विधायक रामनिवास गांवडिया का आभार प्रकट किया है।



# डेगाना नगरपालिका कार्यालय बुधवार से झगड़वास के अंबेडकर भवन में होगा संचालित

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** बुधवार से डेगाना नगरपालिका का कार्यालय झगडवास के बाई पास रोड स्थित अंबेडकर भवन मे संचालित होगा। पालिका के चैयरमेन मदनलाल अटवाल ने इसकी जानकारी देकर बताया कि वर्तमान में शहर के बीचों-बीच जिस भवन में नगरपालिका कार्यालय संचालित हो रहा है वह भवन पुराना होने से जर्जर हो गया है, जहां पर अब नया आधुनिक भवन का निर्माण कार्य आरंभ होने जा रहा है। नये भवन का निमार्ण होने तक पालिका का काम काज झगड़वास स्थित अंबेडकर भवन से संचालित होगा। चेयरमेन अटवाल ने बताया की शहर में स्थित पुराने भवन की जगह पालिका के द्वारा करीब डेढ करोड़ की लागत से नये आधुनिक भवन का निर्माण शीघ्र ही शुरू करवाया जा रहा है, जिसमें बेंसमेंट में पार्किग, ग्राउन्ड फ्लोर पर सुविधायुक्त पालिका का कार्यालय ओर प्रथम तल पर बड़ा सभा कक्ष बनाया जायेगा, जिसकी वित्तिय, तकनीकि ओर प्रशासनिक स्वीकृति के बाद टेंडर कर दिये है। ज्ञात रहे पुराना भवन ग्राम पंचायत गौरेडी चाचा द्वारा निर्मित अटल सेवा केन्द्र है जिसमें आज दिन तक पालिका ने अपना कार्यालय बनाया था। भवन काफी पुराना होने के कारण नये भवन के निर्माण का निर्णय लिया गया।

# कुचामनसिटी के श्यामसुन्दर मंत्री लॉयन्स क्लब के उपप्रान्तपाल : द्वितीय निर्वाचित

## कुचामन पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों, बैण्ड-बाजों के साथ हुआ जोरदार स्वागत

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** लॉयन्स क्लब इण्टरनेशनल प्रान्त 3233-ई-2 के उदयपुर में सम्पन्न उपप्रान्तपाल द्वितीय के चुनाव में शहर की न्यू कॉलोनी निवासी समाजसेवी श्यामसुन्दर मंत्री विजयी हुए। ये चुनाव लॉयन्स परिवार के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण माने जाते है, क्योंकि इसमें राजस्थान के उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, अजमेर सहित विभिन्न छोटे-बड़े शहरों तथा मध्यप्रदेश के कई हिस्सों के 192 क्लबों के करीब 6 हजार सदस्यों के प्रतिनिधि के रूप में 594 लोगों के मत थे। उपप्रान्तपाल द्वितीय अगले वर्ष उपप्रान्तपाल प्रथम एवं इसके बाद प्रान्तपाल बनता है, लिहाजा अप्रत्यक्ष रूप से इसे चुनाव को प्रान्तपाल पद का चुनाव ही माना जाता है। चुनाव में 556 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमें से श्यामसुन्दर मंत्री को 294 वोट मिले वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी राम काबरा को 256 मत ही मिले। 4 मत निरस्त घोषित किए गए। उल्लेखनीय है कि लॉयन्स क्लब कुचामनसिटी 50 वर्ष पुराना क्लब है, जिसके किसी सदस्य को पहली बार उपप्रान्तपाल स्तर का चुनाव लड़ने का अवसर मिला है। नागौर जिले में इससे पहले जेठमल गहलोत यह चुनाव लड़कर विजयी घोषित हो चुके है। मंत्री के विजयी घोषित होने के तुरन्त बाद उदयपुर में जोरदार जश्न मनाया गया। बड़ी संख्या में कुचामनसिटी के लॉयन सदस्यों सहित प्रान्तभर से आए उनके समर्थक जीत के जश्न में शामिल हुए। करीब दो घण्टों तक ढोल-नगाड़ों के बीच जोरदार आतिशबाजी हुई।



**ये हुए जीत के जश्न में शामिल :** लॉयन्स क्लब के इण्टरनेशनल डायरेक्टर लॉयन वी.के. लड़िया, प्रान्तपाल लॉयन संजय भण्डारी, उपप्रान्तपाल प्रथम लॉयन दिलीप तोषनीवाल, उपप्रान्तपाल द्वितीय डॉ. संजीव जैन ने भी मंत्री का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कुचामनसिटी से अध्यक्ष मनोज शेखराजका, सचिव मुकेश डालुका, कोषाध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, चेतन कुमार खालड़का, हेमराज पारीक, नरेन्द्र शर्मा, नन्दकिशोर अग्रवाल, सुभाष रावका, मनोहर पारीक, सुरेश जांगिड़, अशोक काला, बाबूलाल मांधनिया, महेश रामचन्दरका, श्यामसुन्दर सैनी, मनोज अग्रवाल, नवदीप खोखरिया, आशीष मंत्री, पंकज जैन, राजेन्द्र मालपानी, राजेश जैन, संजीवसिंह रुणिजा, मनीष बंसल, शुभम मण्ढावाला, सुमितसिंह राजपुरोहित सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग उदयपुर में सम्पन्न जीत के जश्न में शामिल हुए।

**नृत्य कर मनाया जश्न :** जीत के बाद सोमवार को मंत्री के कुचामनसिटी में प्रथम आगमन पर ढोल-नगाड़ों, बैण्ड-बाजों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। शहर के स्टेशन रोड स्थित एस.बी.आई. बैंक से मंत्री के न्यू कॉलोनी स्थित निवास तक जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लॉयन सदस्य एवं शहर के प्रबुद्धन मौजूद थे। लॉयन सदस्यों ने पटाखे फोड़कर, मिठाइयां बांटकर एवं ढोल-नगाड़ो पर नृत्य कर जीत का जश्न मनाया।





# छात्राओं को किया गया साईकिल वितरण

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीठडी में 10 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। व्याख्याता चंद्राराम मेहरा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर साईकिल वितरण कार्यक्रम बहुत ही शुभ रहा तथा जो बालिकाएं दूर गांवों व ढाणियों से आती है उनके लिए साईकिल से विद्यालय आना काफी सुविधाजनक साबित होगा। इससे पहले जो साईकिल वितरण किया गया उनमें शेष रही 10 साईकिलों का वितरण स्टाफ की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का शहरी व ग्रामीण अंचल की बालिकाओं को लाभ मिला हैं उनका आवागमन सुगम होने से बालिका शिक्षा स्तर में वृद्धि हुई है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# द सनशाइन स्कूल में वार्षिकोत्सव सम्पन्न

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के द सनशाइनस स्कूल में रविवार को देर सायं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय में अध्ययनरत व नन्हें-मुन्नें बालक-बालिकाओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष घनश्याम सदावत सहित अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अध्ययनरत बालक-बालिकाओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। विद्यालय की डायरेक्टर कुमारी निकिता पाराशर ने विद्यालय का प्रतिवेदन पेश करते हुए बताया कि उन्होंने विद्यालय में किस प्रकार की बच्चों के लिए व्यवस्थाएं कर रखी है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि कंदोई ने विद्यालय के बालक बालिकाओं द्वारा दिए गए सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की।






# कपड़े सिलवाने गई युवती के साथ बलात्कार

## नागौर के रोल थाने का मामला

नागौर(नागौर डेली न्यूज) :

नागौर के रोल थानान्तर्गत एक गांव में एक 18 वर्षीय युवती के साथ बलात्कार करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार घटना घटना दो दिन पहले शनिवार की बताई जा रही है जब पीड़िता अपने कपड़े सिलवाने गांव में स्थित एक सिलाई दुकान पर गई थी। वहां से लौटते समय रास्ते में आरोपी युवक ने सरेराह उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद उसे जबरदस्ती खींचकर उसे बाड़े में बने कमरे में ले गया, जहां उसका रेप कर दिया। थोड़ी देर बाद चीखने-चिल्लाने की आवाजें सुन उसकी मां वहां पहुंची। इस पर आरोपी वहां से भाग गया। रविवार को पीड़िता ने परिजनों के साथ रोल थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया है। पुलिस के अनुसार मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है तथा आरोपी की तलाश जारी है।

## शांतिभंग के आरोप युवक गिरफ्तार

शौकत खान

डेगाना(नागौर डेली न्यूज)। डेगाना पुलिस थानान्र्तगत ग्राम जावा में सोमवार को लड़ाई-झगड़ा करने पर पुलिस ने एक युवक को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रातंगा निवासी राधेश्याम 22 साल पुत्र नाथुराम बावरी थाना जायल द्वारा ग्राम जावा में लड़ाई-झगड़ा कर गांव की शांति भंग करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर युवक को धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया।

# नागौर खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे लाडनूँ में सैम्पल

## लाडनूँ से वापस जाने तक टीम की रैकी करते रहे व्यापारी

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नागौर खाद्य सुरक्षा टीम का सोमवार को लाडनूँ दौरा रहा। टीम की गाड़ी को अचानक बस स्टैंड व मुख्य बाजार में घूमता देख अधिकांश व्यापारी अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए। वंही कुछ व्यापारी तो अपनी दुकानें बंद कर मोटरसाइकिल पर सवार होकर टीम के पीछे पीछे रैकी करते रहे व अन्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा टीम की लोकेशन की सूचना देते हुए भी नजर आए। जानकारी के अनुसार फ़ूड सेफ्टी अधिकारी राजेश जांगिड़ के नेतृत्व में सोमवार करीब 10 बजे दो सदस्यों की टीम निम्बिजोधा से होते हुए लाडनूँ पहुंची इस दौरान टीम ताज आईस फेक्ट्री निम्बिजोधा से कुल्फी का सैम्पल भरा व लाडनूँ पहुंचकर बस स्टैंड से संतोष भोजनालय व ज्यूस सेंटर से पपीता शेक का सेम्पल लिया इसके बाद टीम स्टेशन रोड़ स्थित भारत आइस फेक्ट्री पहुंची जहाँ से आईस कैंडी का सेम्पल लेकर लेबोरेट्री जांच के लिए सुरक्षित किया गया।

**इनका कहना है :** नागौर से लाडनूँ सैम्पल भरने जब भी टीम आती है इसकी भनक सभी व्यापारियों को लग जाती है इसके बाद दुकानें बंद हो जाने से मिलावटी दुकानदार सैम्पल देने से बच जाते हैं। अब की पुलिस की इमदाद लेकर बंद शटर खुलवाकर सैम्पल भरने की कार्रवाई की जाएगी।

**राजेंश जांगिड़, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागौर**

### टीम के पीछ-पीछे घूमते नजर आए व्यापारी

खाद्य सुरक्षा नागौर टीम के लाडनूँ बस स्टैंड पहुंचते ही यहां के व्यापारियों को अपने सूत्रों से भनक लग गई इसके बाद फोन से एक दूसरे दुकानदार को सूचना देकर अपने प्रतिष्ठान बन्द रखने की बात सामने आई जिसके बाद अधिकांश दुकानदार अपनी दुकानों को बन्द कर निकल लिए वंही कई बड़े दुकानदार तो बाईक पर सवार होकर टीम की लोकेशन का पता करते हुए उनके पीछे पीछे भी चलने लगे व टीम की कार्रवाई , दिशा व स्थान के बारे अन्य दुकानदारों को सूचना देते रहे।



# किसानों के विरोध प्रदर्शन के प्रयास लाए रंग

## आज या कल से कृषि फिडरो में मिलेगी 5 घंटे बिजली

फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** बिजली संकट से जूझ रहे किसानो के लिए राहत भरी खबर है कि किसानों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार अब 17 या 18 मई से बिजली का समय बढ़ा दिया है। प्राप्त जानकारीनुसार पिछले दो महीने से कोयला संकट की वजह से बिजली कटौती करने से घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा था और कपास फसल की बुवाई होने की वजह से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रूण 132 जीएसएस जुड़े हुए सभी कृषि किसानों ने बिजली समस्या से परेशान होकर धरना प्रदर्शन करके बिजली का समय बढ़ाने की मांग की थी, किसानों की वाजिब मांग को डिस्कॉम के उच्च अधिकारियों ने सरकार तक भेजा और प्राप्त जानकारीनुसार बिजली का समय एक घंटे बढ़ाया गया है, इसी प्रकार भटनोका जीएसएस पर 3150 एमवीए के जले हुए ट्रांसफार्मर को बदली करने की मांग करते हुए किसानों ने बताया कि जल्दी से जल्दी ट्रांसफार्मर बदली करके विद्युत सप्लाई को चालू करवाएं।



### इनका कहना है

सरकार के आदेश के मुताबिक आज मंगलवार या बुधवार से विद्युत सप्लाई बढ़ा दी जाएगी और जला हुआ ट्रांसफार्मर आज चेंज कर दिया जाएगा।

सहायक अभियंता
अजीत कुमार पांडे मूंडवा

# खादी संस्था की भूमि को खुर्द बुर्द करने वालों पर कार्रवाई की मांग



## विकास समिति ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** एनएच 65 रोड़ स्थित अनुदानित खादी संस्था की बेशकीमती भूमि को खुर्द-बुर्द होने से बचानें की मांग अब जोर पकड़नें लगी है। सरकार से अनुदान प्राप्त खादी संस्था ग्राम स्वराज्य समिति लाडनूं के मंत्री जंवरीमल वर्मा के द्वारा इसकी बेशकीमती भूमि के विक्रय एवं खुर्द-बुर्द किये जाने के प्रयास तथा खादी संस्था की बिल्डिंग का दुरूपयोग करनें की शिकायत लाडनूं विकास समिति की तरफ से मुख्यमंत्री एवं उच्चाधिकारीयों को की गई थी जिस पर अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से असंतोष जाहिर करते हुए विरोध प्रदर्शन कर लाडनूं एसडीएम अनिल कुमार गढ़वाल को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में खादी संस्था व इसकी जमीन को बेचने का प्रयास करने वाले मंत्री जंवरीमल वर्मा के कारनामों की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच एवं समुचित कानूनी कार्यवाही करवानें की मांग की गई है।

इस अवसर पर विकास समिति अध्यक्ष जगदीश प्रसाद पारीक, विकास समिति के संरक्षक एवं पंचायत समिति सदस्य रामनिवास पटेल, उपाध्यक्ष मुकेश खींची, मंत्री नरपतसिंह गौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष गजेन्द्रसिंह ओडिंट, मनोनीत पार्षद विजय कुमार भोजक, यूथ कांग्रेस लाडनूं अध्यक्ष चन्दन डूडी, पूर्व पार्षद नानूखां, भंवरलाल वर्मा, मोहनसिंह जोधा,राजेन्द्र चोटिया, बलजी बिसायती, नूरमोहम्मद बल्खी, रूपाराम गोरा बाकलिया, मनमोहन व्यास आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रशासन गांव के संघ अभियान फॉलोअप शिविर पर चर्चा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार दोपहर बाद प्रशासन गांव के संग अभियान फॉलो अप कैंप 2021 के संबंध में अनिल कुमार उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रशासन गांव के संग फॉलोअप कैंप राज्य सरकार के आदेश अनुसार 15 मई से 30 जून के मध्य आयोजित किए जाने व उसकी तैयारियों पर चर्चा की गई।

एसडीएम गढ़वाल ने बताया कि उपखंड क्षेत्र लाडनूं में प्रत्येक बुधवार को गिरदावर सर्किल में कैंप आयोजित किए जाने हैं। इस क्रम में पहला कैंप 18 मई 2022 को रताऊ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें खामियाद, रताऊ, सीवा और सीलनवाद ग्राम पंचायतों के गांव के समस्त विभागों से संबंधित कार्य किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने बताया कि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों के लिए अग्रिम दल 16 मई 2022 से ही रताऊ मुख्यालय पर भेज दिया गया है। इसमें बंटवारा शुद्धिपत्र सीमाज्ञान नामांतरण जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र आदि कार्य किए जाएंगे।

बैठक में विकास अधिकारी राजेश्वरी यादव, सहायक अभियंता नवरतनमल रैगर, डॉ. भरत पारीक व समस्त ब्लॉक अधिकारी गण उपस्थित रहे। एसडीएम ने विभिन्न माध्यमों के द्वारा आमजन से अपील की है कि केम्पो में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर सरकारी कामों से संबंधित कार्यों को संपादित करवाएं।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान के फोलोअप शिविर का हुआ आयोजन



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रशासन गांवों के संग अभियान शिविर के अन्तर्गत आयोजित शिविर के मेन कैम्प में निस्तारण के बाद लंबित प्रकरणों के निस्तारित करने को लेकर फोलोअप शिविर का आयोजन उपखण्ड अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जायल नगरपालिका परिसर में आयोजित हुआ। फोलोअप शिविर में राजस्व विभाग के जायल भू अभिलेख वृत के जोचिना में 28 नामान्तरण, 2 खाता शुद्धिकरण, कटौती में 15 नामान्तरण 2 खाता शुद्धिकरण व 2 रास्ते प्रकरण एव जायल में 59 नामान्तरण 5 खाता दुरुस्तीकरण एवं 1 रास्ता प्रकरण के निस्तारण किये गये। फोलोअप शिविर में राजस्व सहित जलदाय, विद्युत, कृषि सहित अन्य विभागों के कार्य सम्पादित किये गये। शिविर में तहसीलदार अमीलाल मीणा,नायब तहसीलदार रामधन बिश्नोई, विकास अधिकारी ललित कुमार यादव, नगरपालिका के ईओ शिवराज कृष्णा, चेयरमैन जगदीश कडवासरा, जायल पटवार सर्किल के लालूराम झुर्रियां शोभाराम लोमरोड़, गोपाल कृष्ण अधिकारी मौजूद रहे।

# भामाशाह ने किया विद्यालय में वाटर कूलर भेंट

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम सारसंडा में भामाशाह व सेवानिवृत्त अध्यापक बलदेव राम इनाणिया ने स्कूल के बच्चों को ठंडा पानी पीने के लिए वाटर कूलर भेंट किया। भामाशाह बलदेव राम इनानणिया ने बताया कि वाटर कूलर की क्षमता 80 लीटर पानी की है और वाटर कूलर 1 घंटे में 60 लीटर पानी ठंडा कर देता है इसलिए गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों के लिए यह अच्छी सुविधा मिलेगी। भामाशाह बलदेव राम इनानिया ने पहले भी अपने पिता स्वर्गीय पुरखाराम इनाणिया की याद में विद्यालय में एक कमरा बनाकर भेंट किया था। इस मौके पर संस्था



प्रधान देवेंद्र कुमार सारण, अध्यापिका लक्ष्मी गोदारा, लाड मीणा, सरोज, व एसएमएस अध्यक्ष तेजाराम सुंडा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने बलदेव राम इनाणिया का माला साफा पहनाकर धन्यवाद किया और स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी।

# युद्ध नीति को त्याग कर बुद्ध नीति को अपनाना चाहिए : प्रतिमा पंवार



## ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी में बुद्ध पूर्णिमा मनाई

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड़ पलाडा स्थित ग्लोबल इंटरनेशनल एकेडमी में बुद्ध पूर्णिमा को प्रतिवर्ष की भाँति सोमवार को विधिवत रूप से मनाई गई। बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष विधि अनुरूप पूजा अर्चना की गई। इस पावन अवसर पर विद्यालय निदेशक बनवारी लाल पचार, सचिव सुल्तान सिंह थालोड, कोषाध्यक्ष सुनील सुमार बिजारणिया विद्यालय प्रधानाचार्या प्रतिमा पंवार ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। विद्यालय निदेशक बनवारी लाल पचार ने बुद्धके विचारों एंव उपदेषों पर चलने का संदेश दिया।

विद्यालय प्रधानाचार्या ने अपने सम्बोधन में बताया की बुद्ध के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए एवं युद्ध की नीति को त्याग कर बुद्ध की नीति को अपनाना चाहिए। विद्यालय शिक्षक नरेन्द्र सिंह नरूका ने बुद्ध को आदर्श मानते हुए बताया कि हमें स्वयं पर विजय प्राप्त करनी चाहिए। यह हजारों लड़ाइयाँ जीतने से बेहतर है। इस अवसर पर रज्जाक मोहम्मद, घीसा लाल टेलर, रूपाली टेलर उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com